हरियाणा साहसिक खेलों के माध्यम से पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देगा

चर्चा में क्यों?

14 जून, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि राज्य में साहसिक खेलों के माध्यम से पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा दिया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यह बात चंडीगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग और एडवेंचर क्लब द्वारा आयोजित स्कूली छात्रों के एक पर्वतारोहण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद कही।
- उन्होंने कहा कि राज्य में नियमित खेलों की तर्ज पर एडवेंचर को आगे ले जाने के लिये जो भी इंफ्रास्ट्रक्चर की ज़रूरत होगी, उसे मुहैया कराया जाएगा, ताकि हर युवा एडवेंचर में हिस्सा ले सके।
- हरियाणा में साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये मोरनी में सरदार मल्लिखा सिंह क्लब की स्थापना की गई है, जिससे इस क्षेत्र में कई गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा युवाओं के लिये अरावली पहाड़ियों में ट्रैकिंग रूट भी तलाशे जा रहे हैं, ताकि दक्षिण हरियाणा में भी एडवेंचर स्ट्रक्चर को बढ़ाया जा सके। साहसिक प्रशिक्षण देकर 1000 युवाओं को काबिल बनाया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-to-boost-tourism-business-through-adventure-sports